आज माता कालरात्रि का पूजन

दैनिक
मृदुल पत्रिका

राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

पृष्ठ 8 | वर्ष 17 | मूल्य 2.00 रुपए | अंक 48 | जयपुर, रविवार, 28 सितम्बर, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

सीएसआईआर-सीरी में सीएसआईआर का 84वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

सीरी कार्मिकों के मेधावी बच्चे हुए पुरस्कृत तथा कार्मिकों को सेवा सम्मान

विज्ञान व प्रौद्योगिकी किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की प्रगति की रीढ़ है: प्रोफेसर अरविंद मिश्रा

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के 84वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएसआईआर-केन्द्रीय खनन एवं इंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के निदेशक प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून के निदेशक डॉ. हरेन्द्र सिंह बिष्ट समारोह में उपस्थित रहे। इसके साथ ही संस्थान की परंपरानुसार सीएसआईआर-सीरी के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. वी के खन्ना एवं डॉ. एल एम जोशी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने की। इस अवसर पर स्थानीय संस्थानों/कार्यालयों के अधिकारियों सहित संस्थान के पूर्व एवं वर्तमान सहकर्मी, उनके परिजन, स्थापना दिवस निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता, सीरी कार्मिकों के कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं आईआईटी में प्रवेश करने वाले के बच्चों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर डॉ. पी.सी. पंचारिया ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने सीएसआईआर सहित संस्थान की हाल की वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं शोध गतिविधियों का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि सीएसआईआर प्रयोगशालाएँ देश की औद्योगिक, तकनीकी और सामाजिक प्रगति में निरंतर योगदान दे रही हैं।

मुख्य अतिथि प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा ने सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को देश की अर्थ?यवस?था के विकास की रीढ़ बताया। उ?होंने कहा कि सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के शोध कार्य राष्ट्र के औद्योगिक विकास, ऊर्जा संसाधनों और प्रौद्योगिकी की आत्मनिर्भरता में महत?वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सीएसआईआर-सीरी की अनुसंधान उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि सीएसआईआर-सीरी इलेक्ट्रॉनिक्स में देश की अग्रणी प्रयोगशाला है। विशिष्ट अतिथि डॉ हरेन्द्र सिंह बिष्ट ने भी अपनी ओर से सभी उपस्थित सहकर्मियों एवं अतिथियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सीएसआईआर की निरंतर उन्नति की कामना की। विशिष्ट अतिथियों डॉ. विनोद कुमार खन्ना, एवं डॉ. ललित मोहन जोशी ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव एवं संस्मरण साझा किए और सभी सहकर्मियों को समर्पित भाव से संस्थान व देश की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भी सीएसआईआर-सीरी तथा संपूर्ण सीएसआईआर परिवार को अपनी ओर से शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर अतिथियों ने गतवर्ष सेवानिवृत्त हुए 7 सहकर्मियों, 25 वर्ष की सेवा देने वाले 3 सहकर्मियों को सेवा सम्मान भेंट किए तथा कक्षा 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीएसआईआर-सीरी कार्मिकों के 4 बच्चों सहित सीएसआईआर निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता 18 बच्चों को पुरस्कृत किया। समारोह का संचालन डॉ. राजेन्द्र वर्मा एवं सुश्री माया ने किया। प्रशासन नियंत्रक मधुरंजन पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।